# भारतेन्दु नाट्य अकादमी

संस्कृति विभाग, उ०प्र० शासन

## भारतेन्दु नाट्य अकादमी रंगमण्डल, लखनऊ।

### कलाकारों की आवश्यकता

भारतेन्दु नाट्य अकादमी, अपने रंगमण्डल के लिए, श्रेणीवार निम्नलिखित कलाकारों के एकमुश्त मासिक मानदेय पर अनुबन्ध के आधार पर, चयन के लिए आवेदन आमन्त्रित करती है।

| क्रमांक | कलाकार श्रेणी | कलाकारों की संख्या | आयु सीमा | एकमुश्त मानदेय धनराशि (प्रतिमाह/प्रति कलाकार) | वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अ श्रेणी | 02 | 01 जुलाई, 2025 को न्यूनतम 25 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष | रु0 39,000.00 | सामान्य |
| 2 | स श्रेणी | 01 | 01 जुलाई, 2025 को न्यूनतम 25 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष | रु0 25,000.00 | सामान्य |
| 3 | अप्रेंटिस | 01 | 01 जुलाई, 2025 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष | रु0 13,500.00 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति |

क्रमांक (1) एवं (2) हेतु अर्हता :–

**अनिवार्य** : भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ अथवा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली से डिप्लोमा अथवा उसके समतुल्य किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से नाट्य कला में स्नातक डिग्री तथा रंगमंच के क्षेत्र में डिप्लोमा/डिग्री के पश्चात कम–से–कम दो वर्ष का क्रियात्मक अनुभव।

**अथवा** रंगमंच के क्षेत्र में पाँच वर्ष का सघन क्रियात्मक प्रमाणित अनुभव एवं कम–से–कम 20 उत्कृष्ट पूर्ण कालिक नाटकों में कार्य करने का अनुभव।

**वरीयान** : (क) हिन्दी व अँग्रेज़ी का ज्ञान (ख) नाटकों के नवीन आयोजनों का ज्ञान।

क्रमांक (3) हेतु अर्हता :–

भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ अथवा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली से डिप्लोमा अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से नाट्य कला में स्नातक डिग्री तथा डिप्लोमा/डिग्री प्राप्ति के पश्चात का एक वर्ष का सघन क्रियात्मक अनुभव **अथवा** रंगमंच के क्षेत्र में 03 वर्ष का क्रियात्मक अनुभव।

**नोट–**

1. उपर्युक्त कलाकारों का चयन गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।
2. चयनित कलाकारों को पूर्णतः अनुबन्धित आधार पर एक निश्चित अवधि के लिये रखा जाएगा।
3. यदि चयन समिति को उपयुक्त अभ्यर्थी नहीं मिलते हैं, तो पुनः विज्ञापन निकलाकर चयन प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी।
4. आवेदन–पत्र शुल्क रु0 500/– (रुपये पाँच सौ मात्र) नक़द अथवा बैंक ड्राफ़्ट जो निदेशक, भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ के पक्ष में देय हो, का भुगतान कर अकादमी कार्यालय से व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन–पत्र अकादमी की बेवसाइट www.bnalko.in से भी डाउनलोड कर रु0 500/– (रुपये पाँच सौ मात्र) के ड्राफ्ट के साथ भेज सकते हैं।
5. उपर्युक्त श्रेणियों में चयनित कलाकारों को एकमुश्त मानदेय के अतिरिक्त कोई अन्य सुविधा/भत्ता देय नहीं होगा।

आवेदन की अन्तिम तिथि 14.08.2025 है।
साक्षात्कार की तिथि 22.08.2025 है।

( बिपिन कुमार )
निदेशक

भारतेन्दु भवन प्लॉट सं0 1 विकास खण्ड–1, गोमती नगर, लखनऊ–226010

फ़ोन : 0522–2300598 **Website : www.bnalko.in** **Email : bna.lko@gmail.com**